PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Jansatta, Delhi

Wednesday, 28th July 2010, Page: 7

Width: 5.59 cms Height: 9.27 cms, Ref: pmin.2010-07-28.54.44

# मरीजों पर दवा परीक्षण के तथ्य मांगे सरकार ने

जनसत्ता ब्यूरो

नई दिल्ली, 27 जुलाई। सरकार ने इंदौर की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की दवाओं का एक सरकारी अस्पताल में परीक्षण कराए जाने की खबर को गंभीरता से लेते हुए इसके तथ्य मांगे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री गुलाम नबी आजाद ने इस संबंध में चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डा वीएम कटोच से इस संबंध में बात की है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अफसर के मुताबिक यह कार्रवाई कुछ अखबारों में यह खबर आने के बाद की गई है कि इंदौर के एक बड़े सरकारी अस्पताल में पिछले कुछ सालों से एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की दवाओं का मरीजों पर धोखे से परीक्षण किया जा रहा है। इस मामले कि जांच अर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो पहले ही शुरू कर चुका है। इंदौर के स्वास्थ्य समर्पण सेवा समिति नामक गैर सरकारी संगठन की शिकायत पर यह जांच की जा रही है।